तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 28 नवंबर 2025

4 तमनार में श्रम संहिता के प्रावधानों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन





## खबर संक्षेप

### संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा 7 को

**रायगढ़।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 7 दिसम्बर रविवार को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की जाएगी। शिक्षार्थी अपनी सुविधा अनुसार निर्धारित समय के भीतर परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। परीक्षा अवधि 3 घंटे रहेगी और परीक्षा में उल्लास साक्षरता केन्द्र में अध्ययनरत शिक्षार्थियों को शामिल किया जाएगा। कलेक्टर एवं अध्यक्षए जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण मयंक चतुर्वेदी ने जनपद सीईओ और विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पंजीकरण के आधार पर ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय के वार्डवार शिक्षार्थियों की सूची तैयार की जाए।

### प्रधान, उप डाकघर में आधार एनरोलमेंट

**रायगढ़।** भारतीय डाक विभाग रायगढ़ संभाग के अंतर्गत प्रधान डाकघर रायगढ़ एवं उप डाकघर रायगढ़ सदर बाजार में आधार एनरोलमेंट एवं अपडेट संबंधी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। यहाँ आम नागरिक नया आधार कार्ड बनवा सकते हैं तथा पुराने आधार में आवश्यक सुधार जैसे.पता, मोबाइल नंबर, जन्मतिथि, नाम, बायोमेट्रिक अपडेट, ईमेल अपडेट इत्यादि करवा सकते हैं। बच्चों के लिए 5 वर्ष तथा 15 वर्ष की आयु पर बायोमेट्रिक अपडेट कराना अनिवार्य होता है। इस हेतु डाक विभाग में बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट निःशुल्क किया जा रहा है। अधीक्षक डाकघरए रायगढ़ संभाग ने जिले के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं तथा अपने बच्चों का आधार एनरोलमेंट एवं अपडेट करा सकते हैं।

### आंबा में रिक्त पदों पर दावा आपत्ति 8 तक

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण अंतर्गत ऑगनबाड़ी केन्द्र चुहकीपारा ग्रापं नावापारा में ऑगनबाड़ी सहायिका के 1 पद के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण कर प्राविधिक एवं अनंतिम मूल्यांकन सूची परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। आवेदिकाओं से प्राप्त आवेदन पत्र के मूल्यांकन के संबंध में कार्यालयीन स्तर से किसी प्रकार की लिपिकीय त्रुटि हुई है तो अपना दावा.आपत्ति कर सकते हैं।

### इच्छा ही नहीं एसआईआर में काम करने की, प्रशासनिक दबाव के आगे हैं मजबूर

# नौकरी जाने के डर से आंबा कार्यकर्ता निभा रहीं दोहरी जिम्मेदारी का बोझ

**केंद्रों की नियमित गतिविधियां प्रभावित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



नौकरी जाने की डर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दोहरी जिम्मेदारी का बोझ ढोने मजबूर हैं। अधिकांश कार्यकर्ताओं की तो ईच्छा ही नहीं है एसआईआर जैसे काम करने की, लेकिन प्रशासनिक दबाव और नौकरी जाने की डर में यह काम मजबूरी में कर रहे हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को इस बार बूथ लेवल ऑफ़िसर की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपे जाने के बाद आंगनबाड़ी केंद्रों की नियमित गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि मतदाता सूची सुधार और एसआईआर फॉर्म भरने जैसे चुनावी कामों में अधिकांश समय लग जाने से वे केंद्र पर बच्चों और माताओं से जुड़े दैनिक कार्य समय पर नहीं कर पा रही हैं। हरिभूमि की टीम ने शहरी क्षेत्र के बेलादुला, चांदमारी, बोइरदादार, बंगलापारा सहित कुछ आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर वहां की स्थिति को देखा, समझा तो हकीकत चौकाने वाला था। कार्यकर्ताओं और सहायिकायों ने नाम ना छापने के शर्त में बताया की उन पर काम का बोझ बढ़ गया है। एसआईआर के काम के कारण कार्यकर्ताओं के केंद्र से बाहर रहने से निर्धारित तारीखों पर पूरक पोषण आहार का वितरण समय पर नहीं हो पा रहा है। कई स्थानों पर महिलाएं घंटों इंतजार कर वापस लौट रही हैं। नियमानुसार होने वाली वजन जांच, पोषण परामर्श और स्वास्थ्य संबंधी जागरुकता सत्र बीएलओ के चुनावी कार्यों के चलते नियमित रूप से नहीं हो पा रहे। इसके अलावा बच्चों में कुपोषण की पहचानए अनुपस्थित बच्चों की खोज और लाभार्थियों की स्थिति जानने के लिए होने वाली घर.घर विजिट लंबे समय से अधूरी है।

**सामुदायिक बैठकें बंद**

महिला समूह की बैठकों, पोषण एवं स्वास्थ्य दिवस की तैयारियों और सामुदायिक कार्यक्रमों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति कम हो गई है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का कहना है कि दोहरी जिम्मेदारी से न सिर्फ उन पर मानसिक दबाव बढ़ रहा है, बल्कि बच्चों और माताओं से जुड़े संवेदनशील कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। उनका कहना है कि या तो बीएलओ का कार्यभार कम किया जाए या फिर उनके मूल कार्यों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाएए ताकि आंगनबाड़ी सेवाएं बाधित न हों।

**सहायिकायों पर पड़ रहा अतिरिक्त भार**

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बूथ लेवल ऑफिसर की जिम्मेदारी मिलने के बाद आंगनबाड़ी सहायिकाओं पर काम का दबाव तेजी से बढ़ गया है। पोषण आहार वितरण से लेकर बच्चों की उपस्थिति तक सभी जिम्मेदारियां सहायिकाओं को अकेले निभानी पड़ रही हैं। सहायिकाएं अब भोजन बनाने के साथ-साथ बच्चों को गतिविधियां कराने और केंद्र संभालने का प्रयास भी कर रही हैं।



# अधेड़ की हत्या, शरीर पर चोट के कई निशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**■ चरित्र शंका पर हत्या की आशंका, घरघोड़ा थाना क्षेत्र का मामला**

घरघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक अधेड़ व्यक्ति की डंडे से पीट.पीट कर बेरहमी से हत्या कर दी गई। मृतक के सिर और प्राइवेट पार्ट पर चोट के निशान पाए जाने से चरित्र शंका पर हत्या की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस और फॉरेनसिक की टीम मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह ग्राम चोटीगुड़ा के सराईजोखा बस्ती में रहने वाला राजाराम राठिया 55 साल की लाश गांव के तालाब के पास देखी गई। ऐसे में ग्रामीणों की यहां काफी भीड़ इकट्ठी हो गई और मामले की सूचना पुलिस को दी गई। घरघोड़ा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में मामला हत्या से जुड़ा होना सामने आ रहा हैं। हांलाकि हर एंगल में जांच की जा रही है। इधर ग्रामीणों ने चरित्र शंका की वजह से हत्या होने की आशंका जताई है। पुलिस ने हत्या के संदेह पर गांव के संदेही दिल कुमार राठिया को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

# डीजी कॉन्फ्रेंस, वीवीआईपी सुरक्षा में जिले की पुलिस टीम भी तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



रायगढ़ जिले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की सुरक्षा के लिए विशेष पुलिस बल रायपुर के लिए रवाना हुआ है। 28 से 30 नवंबर तक राजधानी रायपुर में होने वाले 60वें अखिल भारतीय डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस के मद्देनज़र सुरक्षा इंतज़ामों को अभूतपूर्व स्तर पर मजबूत किया गया है। इसमें रायगढ़ पुलिस की टीम भी अपनी अहम भूमिका निभाने वाली है।

दरअसल रायगढ़ से 36 पुलिसकर्मियों की टीम और सीएफ के 90 जवानों की 9वीं बटालियन की कंपनी विशेष रूप से रायपुर भेजी गई है। ये जवान सम्मेलन के दौरान सुरक्षा ड्यूटी निभाने के साथ.साथ पीएम और गृहमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर भी देंगे। एसपी कार्यालय से इन जवानों को आवश्यक ब्रीफिंग के बाद औपचारिक रूप से रवाना किया गया है। इस बार सम्मेलन की खासियत यह है कि प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह तीन दिनों तक रायपुर में ही ठहरेंगे। ऐसे में अगले 48 घंटे तक एक तरह से देश की सर्वोच्च शासन व्यवस्था रायपुर से ही संचालित होगी। राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था को कई परतों में बांटा गया है। डीजी, आईजी कॉन्फ्रेंस में देशभर के शीर्ष पुलिस और सुरक्षा अधिकारी शामिल होंगे। जहां आंतरिक सुरक्षा, आतंकवाद, नक्सलवाद, साइबर अपराध और भविष्य की पुलिसिंग रणनीति पर महत्वपूर्ण चर्चा होने वाली है। रायगढ़ से भेजे गए जवानों को इसे लेकर विशेष जिम्मेदारी दी गई है। जिसे वे अनुशासन के साथ निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जिला पुलिस बल की टीम में 5 निरीक्षक, 2 सब इंस्पेक्टर, 2 एएसआई, 5 प्रधान आरक्षक व 22 आरक्षक कुल 36 पुलिसकर्मी शामिल हैं।

**सुरक्षा टीम रवाना**

राजधानी रायपुर में होनी वाले डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस में पीएम और गृहमंत्री आ रहे हैं। प्रोटोकॉल के तहत सुरक्षा ड्यूटी के लिए रायगढ़ जिला पुलिस बल से 36 पुलिस कर्मियों व सीएफ से 90 जवानों की 9बी कंपनी को रवाना किया गया है।

**-अमित सिंह**
आरआई, उर्दना पुलिस लाइन

# वन विभाग की टीम ने पकड़ी अवैध लकड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



रायगढ़ वन परिक्षेत्र अंतर्गत माजदा वाहन और ट्रैक्टर में कई तरह की अवैध लकड़ियां भरकर उन्हें आरा मिल में छिपाने के लिए ले जा रहे थे। इसी दौरान वन विभाग की टीम ने वाहन को रोककर लकड़ियों को जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम रेंगालीपाली सर्किल के वन कर्मचारियों को सूचना मिली कि कोड़ातराई के पास माजदा वाहन में अवैध लकड़ी ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही वनकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और माजदा वाहन को रोक लिया। जांच करने पर वाहन में नीम, जामुन और रिया प्रजाति की लकड़ियां मिलीं।वाहन चालक उर्दना निवासी 40 वर्षीय राजू मिंज से जब लकड़ी के परिवहन से जुड़े दस्तावेज मांगे गए तो वह कोई भी कागज दिखा नहीं सका। पूछताछ में उसने बताया कि वह सरिया की ओर से ढिमरापुर की तरफ लकड़ी ले जा रहा था। दस्तावेज नहीं मिलने पर वन विभाग ने वाहन और लकड़ियों को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। इसी तरह दूसरे मामले में बुधवार की रात वन विभाग को अवैध लकड़ी परिवहन की सूचना मिली। कांशीराम चौक पर एक ट्रैक्टर को रोककर उसके चालक मलदा निवासी जीवन साव से दस्तावेज मांगे गए। उसके पास कोई कागजात नहीं थे। ट्रैक्टर में लोड नीमए जामुन और कसई प्रजाति की लकड़ियों को जब्त कर लिया गया है। लकड़ियों को आरा मिलों में छिपाने की कोशिश की जा रही थी। फिलहाल जब्त लकड़ियों का आंकलन किया जा रहा है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।


# पुरानी रंजिश में बच्ची की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** लैलूंगा थानाक्षेत्र के ग्राम कुर्रा में मंगलवार की शाम 7 वर्षीय बालिका की हत्या मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। पड़ोसी पिता.पुत्र ने ही पुरानी रंजिश में मासूम की हत्या कर दी थी। फिलहाल पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। घटना के संबंध में मृतिका के मामा डोलेश्वर राठिया ने बताया कि 17 नवंबर को भांजी को उसके पिता आश्रम से घर लेकर आए थे और वह उनके ही घर में रह रही थी। मंगलवार शाम बालिका खेलने के लिए निकली, लेकिन लौटकर नहीं आई तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। इस दौरान जानकारी मिली कि पड़ोसी आरती प्रसाद राठिया ने उसे गली में खेलते समय अपने घर बुलाया था, जिसके बाद बालिका दिखाई नहीं दी। शक के आधार पर जब परिजन लक्ष्मी राठिया के घर में खोज के लिए पहुंचे तो बालिका का शव कमरे में कंबल से ढका हुआ मिला और उसकी गर्दन पर साड़ी लिपटी हुई थी। परिजनों ने पड़ोसी आरती प्रसाद और लक्ष्मी राठिया पर मिलकर बच्ची की गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया।

### किसान काटेगा टोकन तब खरीदी, कम खरीदी को लेकर कर रहे जतन

# एक सप्ताह के लिए समितियों में नहीं कटेगा टोकन, हाथ से लिखा निर्देश हुआ जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



यदि किसान अपने से टोकन नहीं काट सकते तो कम से कम 15 दिसंबर तक धान बिक्री नहीं कर सकते। वजह समिति प्रबंधकों को इस तरह का निर्देश दिया गया है। इसके लिए हाथ से लिखा हुआ एक पत्र जारी किया गया है। एक सप्ताह के लिए समिति स्तर पर टोकन काटने से रोका गया है। साथ 15 दिसंबर तक किसी भी किसान का समिति स्तर से डबल टोकन नहीं काटना है। इस तरह का निर्देश मिलने के बाद किसानों और समिति प्रबंधकों की परेशानी बढ़ गई है।

किसी भी तरह से धान खरीदी कम हो इसके लिए कई तरह के जतन किए जा रहे हैं। पहले तो बिना एसओपी जारी किया जिसमें बीते साल जो किसान जितना धान बिक्री किया था उतना ही इस साल भी विक्रय कर सकता है। याने किसान के खेत में उत्पादन इस साल ज्यादा हुआ है तो उसका फायदा उसे समर्थन मूल्य का नहीं मिलेगा। ऐसे कई निर्देश है जो अव्यवहारिक है, लेकिन मजबूरी में समिति प्रबंधकों और किसानों के पालन करना पड़ रहा है। इसी तरह एक हाथ से लिखा हुआ निर्देश जारी किया गया है। इसमें समिति स्तर पर टोकन नहीं काटना है, एक सप्ताह के लिए, ऐसा उल्लेख किया गया है। साथ 15 दिसंबर तक किसी किसान का डबल टोकन समिति स्तर से नहीं काटना है। एक टोकन वाले किसानों को रकबा समर्पण कराने भी कहा गया है।

**12 दिनों में बीते साल से 76 हजार 420 क्विंटल ज्यादा खरीदी**

चाहे लाख जतन कर लें, लेकिन रायगढ़ जिले में खरीदी को कंट्रोल कर ही नहीं सकते। कारण यहां धान का उत्पादन काफी अधिक मात्रा में होती है। इसकी बानगी बीते 12 दिनों में खरीदी गई धान से देखी जा सकती है। बीते साल याने काफी अधिक मात्रा में होती है। इसकी बानगी बीते 12 दिनों में खरीदी गई धान से देखी जा सकती है। बीते साल याने 2024-25 में खरीदी शुरु होने के 12 दिनों बाद केवल 15 हजार 228 क्विंटल की ही खरीदी हुई थी, लेकिन इस साल करीब 76 हजार 420 क्विंटल ज्यादा धान खरीदी हो चुकी है। 12 दिनों का तुलनात्मक रिपोर्ट के मुताबिक 2025-26 में 92 हजार 148 क्विंटल धान खरीदी हो चुकी है।

**केवल दो सेंटर ऐसे जहां बीते साल से कम खरीदी**

अब तक के रिकार्ड पर गौर किया जाए तो जिले के 105 में से केवल दो सेंटर ही ऐसे हैं जहां बीते साल की तुलना में इस साल कम खरीदी हुई है। बाकी 103 सेंटर में बीते साल से ज्यादा खरीदी हो चुकी है। जहां कम खरीदी हुई है उसमें टेंण्डानावापारा और सराईपाली शामिल है। टेंण्डानावापारा में बीते साल इस समय तक 140 क्विंटल खरीदी हुई थी, इस साल केवल 26 क्विंटल ही खरीदी हुई है। इसी तरह सराईपाली में बीते साल इस समय तक 242 क्विंटल खरीदी हुई थी। यहां अभी तक केवल 28 क्विंटल ही खरीदी हुई है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 149. विजय कुमार डोंगरे पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - प्रेम नगर लोधी पारा गुढ़ियारी रायपुर, 150. केशव देवांगन पिता\पति हेमलाल देवांगन पता - बीरगांव वार्ड क्र. 26, 151. गौरव साहू पिता\पति मनी साहू पता - सुदामा नगर टिकरापारा रायपुर, 152. ज्योत्सना चौकीदार पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - पहाड़ी पारा गुदियारी रायपुर, 153. मनीष साय पिता\पति मोहन साय पता - आर.डी. ए छोटी कॉलोनी टिकरापारा, 154. खूबचंद साहू पिता\पति दीनदयाल साहू पता - भनपुरी रायपुर, 155. अनीता ध्रुवंशी पिता\पति स्व. लक्ष्मी सिंह ध्रुवंशी पता - राधास्वामी नगर रायपुर , 156. संस्कार सोनकर पिता\पति स्व. दीपक सोनकर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाटागाँव रायपुर, 157. टिकेश्वर साहू पिता\पति जय प्रकाश साहू पता - बोरिया कला, 158. अनीता पटेल पिता\पति देवसिंह पटेल पता - ग्राम पोस्ट टेकारी (कुंडा), 159. हरीश कुमार साहू पिता\पति नारायण साहू पता-परसदा जोशी, 160. अभिषेक साहू पिता\पति द्वारिका प्रसाद साहू पता-शंकर नगर कोष्टा पारा वार्ड 25, 161. डागेश मंडावी पिता\पति चंद्रहास मंडावी पता-सेहरा डबरी वार्ड 08 कॉलोनी, 162. पुर्वाशी साहु पिता\पति रीकेश कुमार साहु पता- रावन भाटा नगरी, 163. उमभावानी साहू पिता\पति शिवकुमार साहू पता- टेड़ेसरा, 164. झाविश साहू पिता\पति रोमलाल साहू पता-कौरिन भाठा बसंतपुर, 165. निशा साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- टेड़ेसरा राजनादगांव, 166. घनश्याम प्रसाद शर्मा पिता\पति अयोध्या प्रसाद पता- वार्ड न. 11 बेमेतरा, 167. विधान मिश्रा पिता\पति प्रफुल्ल मिश्रा पता- भानुप्रतापपुर, 168. रामपाल साहू पिता\पति स्व. रामेशर साहू पता- घुमका, 169. साक्षी घोस पिता\पति एस. घोस पता- न्यू हाउसिंग वार्ड कॉलोनी जगदलपुर, 170. भामा यादव पिता\पति राकेश कुमार यादव पता-कलेक्ट्रेट कॉलोनी मचेवा, 171. संदीप पाण्डेय पिता\पति रामजी प्रसाद पता- कवर्धा, 172. भाव्या पिता\पति अश्वनी कुमार पता-बुगबड़ा 173. देव सिंह बघेल पिता\पति कपिल राम बघेल पता- बांधापारा कोंडागांव, 174. शिव रानी पिता\पति आर. त्रिमूर्तिय पता- भिलाई सेक्ट -9 हॉस्पिटल, 175. देविका सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 176. देवनाथ देवांगन पिता\पति स्व. कवल सिंह देवांगन पता- म.न. 95 वार्ड न. 56 बघेरा दुर्ग, 177. अशोक सिन्हा पिता\पति दुकालू राम सिन्हा पता- गया नगर दुर्ग, 178. सृष्टि चौधरी पिता\पति स्व. राजेश चौधरी पता- प्लाट न. 4/5 राधिका नगर भिलाई, 179. भारती साहू पिता\पति युवराज साहू पता-EWS 8/2 कोसा नगर दुर्ग, 180. टेरेन्स ठाकुर पिता\पति येदलाल ठाकुर पता- वर्मा हार्डवेयर रामनगर मुक्ति धाम भिलाई, 181. आरुशी टंडन पिता\पति हरीश टंडन पता- राम चौक रामनगर सुपेला भिलाई, 182. गरिमा सिन्हा पिता\पति राजेंद्र प्रसाद सिन्हा पता- सुपेला पांच रास्ता भिलाई, 183. कनक लता दिल्लीवार पिता\पति जनक लाल दिल्लीवार पता-विनायकपुर दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण** - 184. प्रहलाद सिंह नेताम, पिता/पति-- दाऊराम नेताम, पता - अश्वग्रीन कॉलोनी, सेंदरी जिला बिलासपुर, 185. अक्जा सिद्दिकी, पिता/पति- फिरोज अहमद सिद्दिकी पता- लिंक रोड बिलासपुर, 186. कृष्ण कुमार यादव पिता/पति- स्व.रामस्वरूप यादव, पता- मगरपारा बिलासपुर, 187. विशेष कुमार महानंद पिता/पति- राजकुमार महानंद, पता- जबड़ापारा सरकंडा, बिलासपुर, 188. रविशंकर मिश्रा पिता/पति- अयोध्या प्रसाद मिश्रा पता- सरकंडा, बिलासपुर, 189. मयंक ऊके पिता/पति- अरविदं ऊके, पता- मगरपारा, बिलासपुर, 190. नीलू कुमारी पिता/पति- स्व. यूवेल कुमार, पता- आधार विद्या मंदिर, तालापारा, बिलासपुर, 191. कुंदन कटैलिहा, पिता/पति- नर्मदा कटैलिहा पता- सदर बाजार, बिलासपुर, 192. नंदलाल कोसले पिता/पति- शिव कुमार कोसले, पता- इमलीभाठा, बंधवापारा, बिलासपुर 193. जे. बी. सिद्दिकी पिता/पति- मो. तौफीक सिद्दिकी, पता- इंद्रपुरी रोड, शांति नगर, तिफरा, बिलासपुर, 194. रितेश जग्गा पिता/पति- नानकराम जग्गा, पता- बिलासपुर 195. चंद्रकली टंडन, पिता/पति- स्व. अशोक कुमार सूर्यवंशी पता- सोनवानी गली, मंझवापारा, बिलासपुर, 196. कौशिल्या शर्मा पिता/पति- स्व.गोधन शर्मा पता- दीनदयाल कॉलोनी, मंगला, बिलासपुर, 197. मंजूलता पटेल पिता/पति- नरेशराम पटेल, पता- मंगला, बिलासपुर, 198. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति- भगवानीराम कौशिक पता- पेण्डारी, बिलासपुर, 199. स्वाति बाजपेयी पिता/पति- उज्वल बाजपेयी, पता- वार्ड नं. 16, वैशाली नगर, बिलासपुर, 200. सुधीर खंडेलवाल पिता/पति- स्व. विष्णु स्वरूप जी पता- ग्रीन गार्डन कालोनी बिलासपुर, 201. सरिता जायसवाल पिता/पति- दीपक जायसवाल, पता- एल आई जी 47, दीनदयाल कॉलोनी, मंगला बिलासपुर, 202. अशोक सूर्यवंशी पिता/पति- गेंदलाल सूर्यवंशी, पता- राजीव गांधी चौक, जरहाभाठा बिलासपुर, 203. तापस चटर्जी पिता/पति- स्व.एम.चटर्जी, पता- हेमू नगर, बिलासपुर, 204. पायल अग्रवाल पिता/पति- स्व. सी.एल. अग्रवाल, पता- तेलीपारा सरजू बगीचा बिलासपुर , 205. देवहूति चंद्रा पिता/पति- केशवराम चंद्रा पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर, 206. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति-कोमल प्रसाद कौशिक, पता- हांफा, बिलासपुर, **भोपाल संस्करण** - 207. मनीष प्रजापति पिता\पति - उदमसिंह प्रजापति पता-जगदीशपुर इस्लाम नगर, 208. भूरी बाई पिता\पति - दिनेश कुमार पता-इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 209. अर्शी शेख पिता\पति - आबिद शेख पता- म न 340 हनीफ कॉलोनी भोपाल, 210. मुकेश सेन पिता\पति- प्रेम नारायण सेन पता-52 ग्राम इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 211. देवेन्द्र भावसार पिता\पति - जानकी वल्लभ पता- भावसार जीरापुर, 212. रमेशचंद्र राठौर पिता\पति - पन्नालाल राठौर पता- जीरापुर, 213. नेहा पिता\पति - रामचंद्र जीरापुर, 214. कनिष्का राठौर पिता\पति - रामबाबू राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, **जबलपुर संस्करण** - 215. संध्या पिता\पति - विजय उसरेठे कुमार पता- कटनी, 216. तन्मय सेन पिता\पति - रत्नेश सेन पता-भट्टा मोहल्ला मुड़वारा कटनी, 217. शिवांश सिंधिया पिता\पति - अमित सिंधिया पता- डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड मंडला, 218. विकास मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह पता- मरावी आमानाला मंडल, 219. रजनी मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 220. राकेश मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 221. दिव्यांजली वर्मा पिता\पति - धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा पता-पाली उमरिया, 222.संदीप कुमार द्विवेदी पिता\पति - रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 समनापुर अनूपपुर।

नियम एवं शर्ते लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

खबर संक्षेप

## आवास मंत्री के प्रयासों से हाऊसिंग बोर्ड को अप्रत्याशित लाभ




**रायगढ़।** आवास मंत्री के शाश्वत प्रयासों से हाऊसिंग बोर्ड को अप्रत्याशित लाभ हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार राज्य स्तरीय आवास मेला–2025 में अभूतपूर्व सफलता दर्ज करते हुए तीन दिनों में 879 आवासों की बुकिंग हेतु 188 करोड़ रुपये अर्जित किए है। आवास मंत्री ओपी चौधरी की पहल पर आवास की बुकिंग हेतु 1प्रतिशत मार्जिन राशि पर बुकिंग, स्पॉट लोन सुविधा और लकी ड्रॉ जैसी बहुतेरे ऑफर्स ने आम लोगों को ध्यान इस ओर आकर्षित किया। यही वजह है कि 879 आवास की बुकिंग हो पाई। आवास मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि नई नीतियों से हाउसिंग बोर्ड ने एक वर्ष में 700 करोड़ रुपए की बिक्री कर इतिहास रचा है। मेले में 26 नवंबर को भी स्पॉट बुकिंग जारी रहेगी और 1 प्रतिशत बुकिंग ऑफर 30 नवंबर तक बढ़ा दिया गया है। रायपुर–नवा रायपुर सहित कई जिलों के आवासीय प्रोजेक्ट्स में रिकॉर्ड बुकिंग हुई है। जिससे नागरिकों के आवास सपनों को पूरा करने की दिशा में हाउसिंग बोर्ड की पहल बड़ी सफलता साबित हो रही है।

## उपेक्षा से क्षुब्ध अभिभावकों ने लुंगई स्कूल में जड़ा ताला

**राउरकेला।** पढ़ाई के अधिकार के नाम पर वेदव्यास निकट लुंगई सरकारी प्राथमिक विद्यालय के 175 बच्चे अपनी जिंदगी दांव पर लगाकर रोज स्कूल आते हैं। स्थिति इतनी खराब है कि पिछले दो वर्षों से बच्चे जर्जर कमरों और टूटती छतों के बीच पढ़ने को मजबूर हैं। एक ही कमरे में पहली से तीन कक्षाओं को साथ पढ़ाया जाता हैए जिससे शिक्षकों को पढ़ाने में भारी कठिनाइयाँ होती हैं। पहली कक्षा को समझाने पर बाकी कक्षाओं के बच्चे चुपचाप बैठे रहने को मजबूर हो जाते हैं। उपेक्षा से क्षुब्ध अभिभावकों ने दो दिन पहले स्कूल में ताला जड़ दिया ताकि प्रशासन का ध्यान आकर्षण कराया जा सके। स्कूल भवन की हालत बेहद खतरनाक है, कभी छत की स्लैब गिर जाती है तो बारिश होने पर कमरे पानी से भर जाते हैं। अब तक कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ है, लेकिन दीवारों और छत की हालत देखकर अभिभावक भयभीत हैं। उन्होंने कई बार जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग को शिकायत दी, मगर मरम्मत का कोई कदम नहीं उठाया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग विस्तार के दौरान स्कूल परिसर का हिस्सा टूटने पर एचएचआई ने शिक्षा विभाग को लगभग 40 लाख रुपए दिए थेए लेकिन भवन अब भी खंडहर जैसी स्थिति में है। प्रधानाध्यापिका कविता दास के अनुसार मामले की जानकारी डी ई ओ को दी गई है। उनका कहना है कि नया भवन बनने तक बच्चों की पढ़ाई पास के निजी या घरेलू भवन में चलाने की व्यवस्था की जाएगी।

## किसानों ने कैंडल मार्च निकाल कर दी मासूम बच्चों को श्रद्धांजलि



**सरिया।** सड़क दुर्घटना में भारत माता पब्लिक स्कूल के दो मासूम बच्चों की मौत होने पर किसान संघ सरिया के द्वारा गुरूवार को शाम 5 बजे अटल चौक में कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी। किसान संघ के संरक्षक मोहन पटेल के नेतृत्व में सरिया के किसानों ने सबसे पहले तहसील कार्यालय पहुंचे और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा और मांग किया की सरिया में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। इस पर तहसीलदार ने कहा कि इस संबंध में कलेक्टर को सूचना दिया गया है और शीघ्र ही यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की व्यवस्था की जाएगी। किसानों ने मांग किया कि दुकानों के आसपास भी अवैध ढंग से पार्किंग हो रहे वाहनों को उचित व्यवस्था के साथ रखने के निर्देश जारी किए जाएं। ताकि वाहन चालकों को भी कोई परेशानी ना हो। तत्पश्चात किसान संघ ने अटल चौक में अटल प्रतिमा के पास कैंडल मार्च निकालते हुए सड़क दुर्घटना में हुई दो मासूम बच्चों की मृत्यु होने पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की तथा 2 मिनट का मौन धारण कर भगवान से प्रार्थना किया कि भगवान मासूम बच्चों की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। मोहन पटेल ने कहा कि बरपाली निवासी रामेश्वर पटेल एवं मेघनाथ पटेल दोनों कृषक पुत्र हैं। और दोनों के संतान सड़क दुर्घटना में निधन हुआ है।

### जिले में शिक्षा का मंदिर फिर शर्मसार, दो शिक्षिकाओं के साथ भी दुर्व्यवहार

# छात्राओं ने प्रधान पाठक पर लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

जिले में शिक्षा के मंदिर को शर्मसार करने वाली एक और घटना सामने आई है। जिले के अंतिम छोर में पत्थलगांव विकासखंड की ग्राम पंचायत सुरंगपानी स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में पदस्थ प्रधान पाठक पर दो दर्जन से अधिक नाबालिग आदिवासी छात्राओं ने यौन उत्पीड़न, मानसिक प्रताड़ना और अभद्र व्यवहार का गंभीर आरोप लगाया है। इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से होने के बाद भी प्रधान पाठक पर कार्रवाई नहीं होने से छात्राओं पालकों शिक्षकों सहित ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। वहां पदस्थ दो महिला शिक्षिकाओं ने भी दुर्व्यवहार व मानसिक रूप से आहत करने का आरोप लगाया है।



आरोपी प्रधानपाठक।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सुरंगपानी स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में पदस्थ प्रधान पाठक गणेश राम चौहान पर छात्राओं व शिक्षिकाओं ने अभद्र व्यवहार व यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत बालिकाओं सहित शिक्षिकाओं ने संस्था के प्राचार्य से की। प्राचार्य ने जिला शिक्षा अधिकारी व पत्थलगांव ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को मामले की जांच कर कार्रवाई करने लिखित पत्र जारी किया है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुये बीईओ ने टीम गठित कर इसकी जांच की। जांच टीम ने बालिकाओं सहित संस्था की महिला शिक्षिकाओं का बयान लिया। बालिकाओं ने अपने बयान में बताया हैं कि प्रधान पाठक गणेश राम चौहान अक्सर शराब के नशे में स्कूल आते हैं। अध्यापन के दौरान वे शिक्षा देने के बजाय छात्राओं को लेकर अश्लील टिप्पणियां करते हैं और भद्दी गालियों का प्रयोग करते हैं। आरोप यह भी है कि प्रधान पाठक छात्राओं को अपने घर बुलाकर उनसे कपड़े साफ करवाते हैं। इतना ही नहीं, विरोध करने या बात न मानने पर उन्हें स्कूल के सीलिंग फैन में उल्टा टांगने और आपत्तिजनक बातें कहकर क्लास रूम में ही सबके सामने जलील करते हैं। छात्रों ने भी दिए बयान में बताया कि प्रधान पाठक गणेश राम चौहान शराब के नशे में धुत होकर क्लास लेने आते हैं। उनके मुंह से शराब की गंध आती हैं। कुछ बात करने पर उल्टा लटका कर जान से मार देने की बात कहते हुए धमकाते है।

### कार्रवाई उच्चाधिकारी करेंगे

छात्राओं की शिकायत के बाद तत्काल बीईओ पत्थलगांव को मामले की जानकारी दी गई थी। मामले में जांच भी हुई जिसमें आरोपों की पुष्टि भी हुई है। आगे की कार्रवाई उच्चाधिकारी करेंगे।

-**तुलाराम दिनकर**, प्राचार्य, शाउमावि सुरंगपानी

### की जाएगी कार्रवाई

मामले की शिकायत प्राप्त हुई थी। गंभीरता से लेते हुए जांच टीम गठित कर जांच प्रतिवेदन उच्चाधिकारियों को सौंपा गया है। उनके निर्देशानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

-**देवानंद आर्य**, बीईओ पत्थलगांव

### महिला शिक्षिकाओं को बस्तर भेजने की धमकी

प्रधान पाठक की प्रताड़ना से केवल छात्राएं ही नहीं, बल्कि स्कूल की महिला शिक्षिकाएं भी त्रस्त हैं। संस्था की दो महिला शिक्षिकाओं ने भी प्रधान पाठक पर दुर्व्यवहार और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। शिक्षिकाओं का कहना है कि जब वे इसका विरोध करती हैं, तो प्रधान पाठक उन्हें डराते हुए ₹बस्तर के जंगली इलाकों में ट्रांसफर करवा देने₹ की धमकी देते हैं।

### जांच में पुष्टि फिर भी कार्रवाई नहीं

पीड़ति छात्राओं और शिक्षिकाओं ने इस पूरे मामले की लिखित शिकायत संस्था के प्राचार्य दिनकर से की थी। प्राचार्य ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पत्थलगांव बीईओ को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की। बीईओ द्वारा गठित जांच टीम ने स्कूल पहुंचकर छात्राओं और शिक्षिकाओं के बयान दर्ज किए। सूत्रों के मुताबिक, जांच में प्रधान पाठक के विरुद्ध लगाए गए सभी आरोपों की पुष्टि हो चुकी है और चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। बावजूद इसके, शिकायत के 15 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी प्रधान पाठक के खिलाफ कोई ठोस विभागीय या कानूनी कार्यवाही नहीं की गई है। विभाग की यह उदासीनता संदेह के घेरे में है।

### बगीचा कांड के बाद भी नहीं जागा प्रशासन

गौरतलब है कि जिले के बगीचा में हाल ही में एक बालिका द्वारा यौन उत्पीड़न से तंग आकर आत्महत्या करने का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि शिक्षा विभाग में मानवता को शर्मसार करने वाली यह दूसरी बड़ी घटना सामने आ गई है। ऐसे गंभीर मामलों में त्वरित कार्रवाई न होना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर

### पालकों की मांग आरोपी पर लगे एक्ट्रोसिटी एक्ट

अपने बच्चों के साथ हो रहे इस घिनौने कृत्य और विभाग की लेटलतीफी से पालकों का गुस्सा फूट पड़ा है। पालकों ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपी शिक्षक गणेश राम चौहान को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाए और उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित आदिवासी एक्ट की गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा जाए। पालकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्यवाही नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### हां, मुझसे गलती हुई है

जब मामले को लेकर मीडिया ने आरोपी प्रधान पाठक गणेश राम चौहान से बात की तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि ₹मैं एक दिव्यांग व्यक्ति हूं, कृपया मुझे माफ़ कर दें। मुझ पर जितने भी आरोप लगाए जा रहे हैं, वे पूरी तरह सही नहीं हैं। मैंने छात्राओं से उतनी अश्लील बातें नहीं की थीं, केवल शिक्षिकाओं के साथ थोड़ी कहासुनी हो गई थी। जहां तक दो बच्चियों से कंबल धुलवाने की बात है, तो मैंने उनके घर जाकर उनकी मां को 200 रुपए देकर यह काम करवाया था। मैंने प्राचार्य को दिए गए आवेदन में भी अपनी गलती स्वीकार की है। शराब के नशे में होने के कारण छात्राओं और शिक्षिकाओं के साथ दुर्व्यवहार हुआ था। मैं वचन देता हूं कि दोबारा ऐसी गलती नहीं करूँगा।



## जीवन झरना विकास संस्था ने मनाया बाल दिवस

**कांसाबेल।** जीवन झरना विकास संस्था कांसाबेल के द्वारा ब्लॉक पत्थलगांव ब्लाक में बाल दिवस कार्यक्रम मनाया गया, जिसमें सर्वप्रथम जीवन झरना विकास संस्था स्टाफ के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों से पंडित जवाहर लाल नेहरू की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कराकर एवं उपस्थित अतिथियों के स्वागत के साथ किया गया।

कार्यक्रम में जीवन झरना विकास संस्था कांसाबेल के संस्था प्रमुख सिस्टर एनी इसके पश्चात बाल दिवस मनाने के मुख्य उद्देश्य को संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा बताया गया कि भारत में हर साल नवम्बर को बाल दिवस मनाया जाता है। क्योंकि यह दिवस हमारे भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। नेहरू जी बच्चों से बहुत प्रेम करते थे, और उन्हें लाल गुलाब का फूल बहुत ही प्रिय था, नेहरू जी बच्चों को देश का भविष्य मानते थे, वे सभी बच्चों का शिक्षा, संस्कार अधिकार,तथा मासूमियत का सम्मान करते थे इसलिए बच्चे उन्हें चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे, इसके बाद छात्र छात्राओं को ध्यान केंद्रित करने का खेल कराया गया,इसके बाद बाल विवाह, लैंगिक अपराध, मानव तस्करी, महिला हिंसा, बाल मजदूरी व पर्यावरण संरक्षण के विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता कराया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिए हुए प्रतिभागियों द्वारा अपना चित्रकारिता का प्रस्तुति दिया गया, जिसमें पेड़ लगाकर पानी बचाने, लैंगिक शोषण से बच्चों की सुरक्षा,महिला हिंसा, मानव तस्करी बाल मजदूरी रोकथाम करने का संदेश दिया गया, इसके बाद जीवन झरना विकास संस्था कांसाबेल के संस्था प्रमुख सिस्टर एनी के द्वारा चाचा नेहरू जी के जीवनी और उनके अच्छे विचारों को बताते हुए हमेशा अच्छे मार्ग पर चलने,व पढ़ लिखकर हमेशा दूसरों की सेवा करने का संदेश दिया गया।

# सरकारी नौकरी में युवाओं की रूचि ज्यादा प्राइवेट सेक्टर में नहीं करना चाहते काम



**रायगढ़।** जिले में स्टील, पॉवर समेत छोटी-बड़ी यहां करीब 200 कंपनियां स्थापित हैं, लेकिन यहां के युवाओं को इन कंपनियों में रोजगार नहीं मिल रहा है। बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करानें के उद्देश्य से जिले में लगभग हर माह प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाता है, जिसमें विभिन्न कंपनियों के द्वारा कई पदों पर भर्ती की जाती है, फिर भी बेरोजगारों की संख्या में कोई कमी नहीं आ रही है। इसकी बानगी जिले में रजिस्टर्ड बेरोजगारों की संख्या से देखी जा सकती है। इस साल तक 1 लाख 12 हजार 539 है। रोजगार कार्यालय के द्वारा इस साल 10 महीनों के अंदर में अब तक कुल 18 कैंप आयोजित किया गया है, लेकिन इन कैंपों में भी युवाओं की रूचि कम देखने को मिली । इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विगत 10 महीनों में 18 कैंपों के जरिए विभिन्न कंपनियों के माध्यम से कुल 2088 पदों के लिए भर्ती निकाली गई थी, जिसके लिए 1600 युवाओं ने आवेदन किया था । नियोक्ताओं की शर्तें व प्राइवेट कंपनियों में स्थायित्व की कमी को लेकर कई युवाओं ने काम करन से मना कर दिया। इसलिए सिर्फ 370 लोगों को ही प्लेसमेंट मिल सका । उद्योग विभाग के मुताबिक जिले में कुल 328 उद्योग रजिस्टर्ड हैं, इसमें कुछ बड़े उद्योग शामिल नहीं हैं, जिसमें युवाओं की रूचि काम करनें को लेकर ज्यादा है।

### महिला बेरोजगारों की संख्या भी अधिक

महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए शासन द्वारा स्व सहायता समूहों के माध्यम से उन्हें विभिन्न कार्य में जोड़ा जाता है। इसके लिए जिले में कई स्व सहायता समूह भी रजिस्टर्ड हैं। उन्हें मध्यान भोजन, राशन दुकान संचालन जैसे अन्य कई कार्य भी दिये जा रहे हैं, इसके बाद भी महिला बेरोजगारों की संख्या अधिक है। जिले में कुल 44,277 महिला बेरोजगार रजिस्टर्ड हैं।

### प्राइवेट सेक्टर की कंपनियों के प्रति रूचि कम

जिले में कई बड़े कंपनियों के होने के बाद भी, यहां बेरोजगारी की संख्या काफी अधिक है। जिसका एक प्रमुख कारण है प्राइवेट कंपनियों के प्रति युवाओं की रूचि कम होना । वहीं दूसरा एक प्रमुख कारण है स्किल की कमी, कंपनियों के विभिन्न सेक्टरों में काम करनें के लिए कुछ विशेष योग्यता व स्किल की डिमांड कंपनियों के द्वारा की जाती है, जिसकी वजह से कई युवा सिलेक्शन के बाद भी बाहर हो जाते हैं।

### जिले में बेरोजगारों की संख्या 1 लाख के पार

जिले में बेराजगारों की कुल संख्या है 1 लाख 12 हजार 539 है। वर्गवार देखा जाए तो अनुसूचित जाति के 31637, अनुसूचित जनजाति के 26053, पिछड़ा वर्ग के 45297 और अनारक्षित के 9552 लोग शामिल है।

### कैंप का आयोजन कराया जाता है


जिले के युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए समय-समय पर प्लेसमेंट कैंप का आयोजन कराया जाता है। कई युवा कंपनियों के वर्क कल्चर को देख कर पीछे हट जाते हैं। युवाओं को स्किल डेवपलमेंट के लिए प्रेरित किया जाता है।

-**आरजे राम**, जिला रोजगार अधिकारी

## पैरोल पर फरार कैदी 17 साल बाद गिरफ्तार

**सुंदरगढ़।** हत्या के दोषी और 17 साल से फरार चल रहे मंगलू राउत को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया। राजगांगपुर थाना क्षेत्र के तरकेरा गांव का रहने वाला मंगलू राउत 42 वर्ष 2002 में जमीन विवाद को लेकर अपने रिश्तेदार गोपाल राउत की चाकू मारकर हत्या करने के मामले में गिरफ्तार हुआ था। अदालत ने 2005 में उसे 14 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई थी। 2007 में वह एक महीने की पैरोल पर रिहा हुआ, लेकिन अवधि पूरी होने पर जेल नहीं लौटा और फरार हो गया। सुंदरगढ़ पुलिस 17 वर्षों से उसकी गतिविधियों पर नजर रखे हुए थी क्या वह घर आता है, रिश्तेदारों से संपर्क करता है या किसी गुप्त ठिकाने पर छिपा है। इसी निगरानी के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि वह अपने गांव के आसपास देखा गया है। आरक्षी अधीक्षक के निर्देश पर चल रहे विशेष अभियान के तहत राजगांगपुर पुलिस ने कांशबाहाल बिलाईगढ़ इलाके में छापेमारी कर मंगलू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर दिया है और बताया कि फरार अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## एनटीपीसी लारा में संविधान दिवस मनाया



**रायगढ़।** एनटीपीसी लारा में 26 नवंबर 2025 को संविधान दिवस पूरी उत्साह के साथ मनाया, और भारतीय संविधान में दिए गए मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रवि शंकर, मुख्य महाप्रबंधक परियोजना निर्माण और अशोक कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक प्रचालन के सीनियर अधिकारियों ने प्रस्तावना को एक साथ पढ़कर की, जिसके बाद कर्मचारियों ने अपनी निजी और प्रोफेशनल ज़िंदगी में संवैधानिक कर्तव्यों को निभाने की शपथ ली।

इस मौके पर बोलते हुए, शंकर ने संविधान दिवस के महत्व पर ज़ोर दिया, जो 1949 में संविधान को अपनाने और संविधान के मुख्य आर्किटेक्ट के रूप में डॉ. बी.आर. अंबेडकर की अहम भूमिका का सम्मान करने की याद में मनाया जाता है। कर्मचारियों को अपने रोजाना के व्यवहार में न्याय, आजादी, बराबरी और भाईचारे के आदर्शों को अपनाने के लिए बढ़ावा दिया गया। इस मौके पर, भारतीय संविधान के महत्व और यह सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश को कैसे चलाता है, इस पर निबंध लिखने, ड्राइंग, भाषण प्रतियोगिता जैसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। शाम को एससी, एसएसटी वेलफेयर एसोसिएशन के साथ मिलकर एक प्रोग्राम रखा गया। सफल लोगों को मुख्य महाप्रबंधक परियोजना निर्माण रवि शंकर , महाप्रबंधक प्रचालन, अशोक कुमार मिश्रा, जाकिर खान,अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन हिमांशु कुमार बेहरा, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन प्रिंसिपल गुरुकुल स्कूल ने सम्मानित किया। इस मौके पर एससी, एसटी एसोसिएशन के पदाधिकारी, टीचर, पेरेंट्स और स्टूडेंट्स बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## झारखंड से अवैध रूप से ला रहे थे 12 टन धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

धान खरीदी सीजन में धान तस्करों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई। झारखंड से बिना दस्तावेजों के छत्तीसगढ़ लाए जा रहे दो वाहनों एक आईसर ट्रक और एक पिकअप में भरे 12 टन 90 क्विंटल धान को लोदाम पुलिस ने सीमावर्ती ग्रामीण रास्तों पर की गई कड़ी नाकेबंदी के दौरान पकड़ा। धान खरीदी शुरू होते ही सीमावर्ती राज्यों से अवैध धान की आमद बढ़ गई है। इसे रोकने पुलिस और जिला प्रशासन ने झारखंड व उड़ीसा से लगे मार्गों पर लगातार नाकेबंदी और निगरानी की व्यवस्था कर रखी है। मुखबिर तंत्र भी सक्रिय है। 25 नवंबर को सूचना पर लोदाम पुलिस ने ग्राम पोड़ी मार्ग पर घेराबंदी कर टाटा आईसर ट्रक क्रमांक सीजी- 04- एमटी -0273 रोका। तलाशी में 12 टन 40 किलो धान मिला। चालक केश कुमार उम्र 28 वर्ष, निवासी हाड़िया कला, जिला बलिया (यूपी) ने बताया कि धान झारखंड के बारो गांव से लोडकर ला रहा था। वाहन और धान के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

- लोदाम पुलिस ने ट्रक और पिकअप सहित पकड़ी धान की बड़ी खेप

## सुबह सता रही ठंड तो दोपहर में धूप से थोड़ा आराम, आज से गिरेगा तापमान

**रायगढ़।** सप्ताह भर से तापमान में उतार चढ़ाव का दौर जारी है। गुरूवार को सुबह हवा में नमी और हल्की सिहरन महसूस हुई, जो आने वाले दिनों में बढ़ती ठंड का संकेत है। गुरूवार को जिले का अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री तक रहा।मौसम विभाग के अनुसार दिन और रात दोनों के ही समय अब ठंड में बढ़ोत्तरी महसूस होगी । इसलिए लोगों को सुबह और शाम के समय विशेष रूप से सावधानी बरतनी की सलाह दी गई है। अनुमान है कि कल से तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर दिशा के अलावा बंगाल की खाड़ी से भी नमीयुक्त हवा आ रही थी,जिसकी वजह से पिछले कुछ दिनों में तापमान गिरनें की बजाए बढ़ गया था, जिससे थोड़ी गर्मी का एहसास लोगों को हो रहा था।



### सर्दी-जुकाम और वायरल फीवर का खतरा बढ़ा

डॉक्टरों के मुताबिक अचानक तापमान बढ़नें से लोगों में हाइपोथर्मिया और सर्दी व वायरल फीवर का खतरा बढ़ सकता है। जिले के सरकारी अस्पताल में हर रोज वायरल फीवर जैसे मरीजों की संख्या में इजाफा देखनें को मिल रहा है। इसलिए लोगों को अनावश्यक रूप से बाहर निकलनें से बचना चाहिए, विशेष रूप से बुजुर्गों एवं बच्चों को काफी एहतियात बरतनी चाहिए।

### 25 नवंबर तक सभी कर्मचारियों को सोलर लगाने आवेदन करना था अनिवार्य

# लोगों को पीएम सूर्य घर का लाभ दिलाने जी-जान लगा अधिकारी, खुद लेने में नहीं दिखा रहे रुचि

**रायगढ़।** बिजली उपभोक्ताओं समेत अन्य लोगों को पीएम सूर्य घर योजना के तहत सोलर लगाने के लिए प्रेरित करने वाले विभाग के अधिकारी-कर्मचारी खुद इसे लगाने में रुचि नहीं ले रहे हैं। यह हम नहीं बल्कि सीएसईबी के अधिकारी ही नहीं बता पा रहे है कि कितने अधिकारी कर्मचारियों ने इसके लिए आवेदन किया है।



जबकि उनके लिए इसे अनिवार्य किया गया है और 25 नवंबर तक आवेदन करने का आखिरी तारीख भी तय कर दिया गया था। याने दूसरों को फायदा बताने वाले खुद फायदार उठाने में रुचि ही नहीं दिखा रहे हैं। दरअसल सोलर को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा बिजली विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सोलर लगवाना अनिवार्य किया गया था । इसके लिए 25 नवंबर तक की तारीख तय की गई थी। आदेश में साफ_साफ कहा गया था कि, नियत तिथि तक सोलर नहीं लगवाने वाले कर्मचारियों को बिजली बिल में मिलने वाली विशेष रियायत नहीं मिल सकेगी। गौरतलब है कि शासन द्वारा बिजली विभाग के कर्मचारियों को बिल में 50 प्रतिशत तक की रियायत प्रदान की जाती है। बावजूद इसके अब तक कर्मचारियों ने सोलर को लेकर कोई विशेष रूचि नहीं दिखाई है।

### सारे नियम सिर्फ उपभोक्ताओं के लिए

सरकार के द्वारा सोलर प्लेट लगवानें को लेकर सारे नियम कानून केवल उपभोक्ताओं के लिए बनाए गए हैं। सोलर के संख्या में बढ़ोत्तरी करनें के लिए सरकार के द्वारा पहले बिजली बिल हॉफ योजना को बंद कर दिया गया। जिसकी वजह से उपभोक्ताओं को भारी बिल जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं अपने ही कर्मचारियों के सोलर नहीं लगानें के बाद भी कोई कड़ाई नहीं बरती जा रही है। उपभोक्ताओं के लिहाज से देखा जाए तो अब तक कुल 3252 लोगों ने आवेदन किया है, जिसमे से 750 घरों में सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं। इसी माह में 44 घरों में पैनल लगाए जा चुके हैं।

### लक्ष्य पूरा करने कर्मियों को दायरे में लाने का प्रयास

बिजली विभाग में कई कर्मचारी ऐसे भी हैं, जिन्हें नौकरी में आए अभी सालभर या उससे भी कम समय हुआ है। वे भी आवासीय कॉलोनी के मकानों में सोलर इंस्टाल करनें को लेकर कोई रूचि नहीं ले रहे हैं। विभाग के ही एक कर्मचारी नें बताया कि शासन के द्वारा सोलर लगानें के लक्ष्य को पूरा करने के लिए अब कर्मचारियों को दायरे में लाने का प्रयास किया जा रहा है। बिल में कटौती करनें का कोई प्रावधान ही नहीं हैं, इसलिए लोग रूचि नहीं ले रहे हैं।

### इसकी कोई जानकारी हमारे पास उपलब्ध नहीं है

शासन की ओर से 25 नवंबर तक विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सोलर लगाना अनिवार्य किया गया था। अभी तक कितने कर्मचारियों ने सोलर लगवाया है, इसकी कोई जानकारी हमारे पास उपलब्ध नहीं है।

-**मनीष तनेजा**, नोडले अधिकारी पीएम सूर्य घर योजना


## 76 वां संविधान दिवस व राष्ट्रीय विधि दिवस का आयोजन

**राउरकेला।** राउरकेला वकील संघ द्वारा बुधवार को बिरजापाली स्थित नए न्यायालय परिसर में 76वां संविधान दिवस एवं राष्ट्रीय विधि दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक भव्य सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता वकील संघ के अध्यक्ष सदानंद साहू ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश मुक्तिरंजन सतपथी, परिवार न्यायालय की न्यायाधीश लिली सेनापति, विशेष पॉक्सो न्यायाधीश पी सूर्यराव तथा द्वितीय जिला सत्र न्यायाधीश रंजिता ज्योतिष सहित अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि श्गणतंत्र की आत्मा संविधान है, और संविधानिक व्यवस्था के पालन से ही नागरिकों के मौलिक अधिकार सुरक्षित रह सकते हैं तथा कानून व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो सकती है।

राउरकेला वकील संघ के वरिष्ठ अधिवक्ता सुजय पाणि, गिरीश चंद्र महापात्र, सनातन बिश्वाल, रविशंकर मिश्रा, एममलेश्वरम, सुष्मिता महला सहित कई वक्ताओं ने संविधान के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए नागरिकों के मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. भीमराव आंबेडकर तथा मदनमोहन मिश्र की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। वकील संघ के सचिव देवानंद तांती ने अतिथियों का स्वागत एवं परिचय प्रस्तुत कियाए जबकि ग्रंथालय सचिव राजश्री मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस आयोजन को सफल बनाने में संघ के संयुक्त सचिव लिंगम हरि डोरा, बृजेश मिश्र, तापस परिडा, अक्षय सिंहदेव, अनंत साहू, सुमिती नंद, नित्यानंद प्रधान, सरोज महापात्र, रबी नारायण सिंह, राजा सुना, धनतिआ तांडिया आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## अमृत सरोवरों में हुआ संविधान दिवस पर विविध कार्यक्रम

**जशपुरनगर।** भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत संविधान अंगीकृत करने हेतु 26 नवम्बर को जशपुर जिले के सभी अमृत सरोवरों में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सभी की सहभागिता के साथ सामूहिक तौर पर देश के संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया। साथ ही अलग-अलग स्थानों पर जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायत मुख्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन तथा जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में जिले के सभी अमृत सरोवर में संविधान दिवस पर सभी जगहों पर एक प्रण जल संरक्षण टैगलाइन का उपयोग करते हुए जल संरक्षण का शपथ भी लिया गया एवं विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी किया गया।



# धुरंधर में दिखा पाकिस्तानी टाउन ल्यारी का गैंग वॉर

**मुंबई।** रणवीर सिंह की अपकमिंग फिल्म 'धुरंधर' का आठ नवंबर को ट्रेलर रिलीज हुआ। इसमें पाकिस्तान के मशहूर टाउन ल्यारी के गैंग वॉर की झलक दिखी। यह गैंग वॉर 2009 से लेकर एक दशक तक चला था। अब, ल्यारी के लोगों ने इस पर प्रतिक्रिया दी है कि रणवीर सिंह की फिल्म में उनके शहर को कैसे दिखाया गया है। 'धुरंधर' के ट्रेलर में रणवीर सिंह को जासूस, अक्षय खन्ना को रहमान डकैत और संजय दत्त को चौधरी असलम के रूप में दिखाया गया है। ये सभी किरदार असल जिंदगी से प्रेरित बताए जाते हैं। फिल्म की टीम ने भारत में सेट पर पूरे ल्यारी टाउन को फिर से बनाया है। ल्यारी से ताल्लुक रखने वाले एक व्यक्ति ने कहा 'इंडिया वालों ने फिल्म बना ली है, हमसे तो पूछते। हम उनको ल्यारी की गलियां दिखाते। रहमान डकैत के बारे में भी बताते।' कई दूसरे स्थानीय लोगों ने कहा कि फिल्म में चौधरी असलम का किरदार सही दिखाया गया है। जबकि अक्षय खन्ना के रूप में रहमान डकैत का लुक असली गैंगस्टर की तरह नहीं दिखता।

## लाइफ Style



# गिरिजा

## बहुत घटिया मैसेज करते हैं लोग

ब्लू साड़ी गर्ल के नाम से वायरल हुईं गिरिजा ओक ने बताया है कि इस फेम से उन्हें कुछ फायदा नहीं हुआ बल्कि लोग घटिया मैसेज करने लगे हैं। गिरिजा ने बताया कि लोग उन्हें सोशल मीडिया पर कैसे मैसेज करते हैं। गिरिजा ओक बीते कुछ समय से चर्चा में हैं। रीसेंटली एक इंटरव्यू के वीडियोज वायरल होने के बाद वह रातोंरात सनसनी बन गईं। लोग उन्हें नैशनल क्रश बुलाने लगे। इतना ही नहीं गिरिजा का डीएम अच्छे-बुरे कई तरह के मैसेजज से भर गया। लोगों ने अश्लील बातें भी लिखीं, जिसके बाद उन्हें एक लाइव भी करना पड़ा।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

गिरिजा हिंदी, मराठी फिल्में और सीरियल्स कर चुकी हैं। उन्होंने तारे जमीन पर, शोर इन द सिटी, जवान, कला जैसी फिल्मों में काम किया है। अब फिर से अचानक लाइमलाइट में आने पर उन्होंने बात की है। गिरिजा ओक एक इंटरव्यू के बाद इस कदर वायरल हुईं कि लोग उन्हें नेशनल क्रश बुलाने लगे। एक नए इंटरव्यू में उन्होंने इस बारे में बात की। गिरिजा बोलीं, 'कोई पूछे कि कुछ बदलाव हुआ। मैंने कहा नहीं, मुझे कोई ज्यादा काम के ऑफर नहीं मिलने लगे।' गिरिजा ने वायरल होने के नेगेटिव इफेक्ट्स बताए। बोलीं कि लोग उन्हें बहुत घटिया मैसेज कर रहे हैं। गिरिजा बताती हैं, 'कोई बोलता है, 'मैं तुम्हारे लिए कुछ भी कर सकता हूं, बस एक मौका दो। किसी ने मेरे रेट तक पूछे कि एक घंटा बिताने की कीमत क्या है। कई ऐसे मैसेज हैं।' अगर ये लोग हकीकत में मेरे सामने होंगे तो नजर उठाकर देख भी नहीं पाएंगे। पर्दे के पीछे लोग कुछ भी बोलते हैं। सामने से प्यार और सम्मान देते हैं।' बीते दिनों गिरिजा ओक की नीली साड़ी में एक तस्वीर वायरल हुई। यह तस्वीर उनके एक इंटरव्यू की थी। गिरिजा एक्स पर ट्रेंड कर रही थीं और हर कोई जानना चाह रहा था कि वह कौन हैं। लोग उनका नाम और इंस्टाग्राम खोज रहे थे। गिरिजा ने वाइट स्लीवलेस ब्लाउज, आसमानी साड़ी पहनी थी।

## हॉलीवुड मसाला



# सुपरमैन ओटीटी पर 11 दिसंबर को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी 'सुपरमैन' जब इस साल जुलाई 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई, तो सबसे बड़े, सबसे पुराने और सबसे ताकतवर सुपरहीरो को देखने के लिए भीड़ लग गई थी। दुनियाभर में बॉक्स ऑफिस पर 5240.28 करोड़ रुपए का ग्रॉस कलेक्शन करने वाली यह फिल्म, अब 5 महीने बाद ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। सुपरमैन के इंडियन फैंस अपने फेवरेट सुपरहीरो की इस फिल्म को 11 दिसंबर से घर बैठे स्ट्रीम कर सकते हैं। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म जियोहाटस्टार पर अंग्रेजी के साथ ही हिंदी डब वर्जन और बाकी भारतीय भाषाओं में भी उपलब्ध होगी। डीसी यूनिवर्स की यह फिल्म 'सुपरमैन फिल्म सीरीज' का रीबूट है। इसमें डेविड कोरेंसवेट ने क्लार्क केंट यानी सुपरमैन का किरदार निभाया है।



# भारत में स्ट्रेंजर थिंग्स' सीजन 5 के एपिसोड आज होंगे स्ट्रीम

**लॉस एंजिल्स।** मिली बॉबी ब्राउन स्टारर 'स्ट्रेंजर थिंग्स' सीजन 5, लगभग तीन साल के इंतजार के बाद ओटीटी पर रिलीज होने को तैयार है। साइंस-फिक्शन कहानी का पहला सीजन साल 2016 में शुरू हुआ था। सीजन 5 में उन सवालों के जवाब मिलेंगे जो सीजन चार में अधूरे रह गए थे। नेटफ्लिक्स 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' के पहले चार एपिसोड 26 नवंबर कर दिया है। क्रिसमस पर तीन एपिसोड और न्यू ईयर की शाम को फिनाले एपिसोड रिलीज करेगा। भारत में ये सभी एपिसोड 27 नवंबर से सुबह 6:30 बजे से स्ट्रीम होंगे। पांचवें सीजन की रिलीज की तारीखें इस तरह हैं। वॉल्यूम 1: 27 नवंबर, वॉल्यूम 2: 26 दिसंबर 2025, फाइनल : 01 जनवरी 2026। 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' के हर वॉल्यूम में चार एपिसोड होंगे। इन सबकी लंबाई लगभग 54 मिनट से लेकर 1 घंटा 23 मिनट होगी। 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' के रिलीज के बारे में जानकारी देते हुए नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पर लिखा 'फील्डिंग सेट है। स्ट्रेंजर थिंग्स 5 का पहला वॉल्यूम 27 नवंबर को सिर्फ नेटफ्लिक्स पर देखें।' सीरीज में मिली बॉबी ब्राउन, डेविड हार्बर, विनोना राइडर, फिन वोल्फहार्ड, गेटन माताराजो, केलेब मैकलॉघलिन और नोआ श्नैप जैसे कलाकार नजर आएंगे।



# बहुत जल्दी हो जाती हैं इमोशनल : अनीत

**मुंबई।** सैयारा एक्ट्रेस अनीत पड्डा ने हाल ही में बताया कि वह बहुत जल्दी इमोशनल हो जाती हैं। वह हफ्ते में एक बार कुछ ऐसा देख लेती हैं कि खुद को रोने से रोक नहीं पाती हैं। उनका कहना है कि इन खास चीजों में उनको प्यार महसूस होता है। जिससे उन्हें अपने काम को और बेहतर करने का दबाव भी महसूस होता है। 23 साल की अनीत ने ग्राजिया इंडिया से बातचीत में कहा, 'मैं बहुत संवेदनशील हूं। जो प्यार मुझे फैंस से मिल रहा है, उसके साथ न्याय करने की जिम्मेदारी कभी-कभी भारी लगती है। ये बहुत खूबसूरत है, लेकिन कई बार बहुत ज्यादा भी हो जाता है।' अनीत कहती हैं कि फैंस का इतना प्यार देखकर अच्छा लगता है, लेकिन उम्मीद भी बढ़ जाती है कि वह उस प्यार के लायक बनें। यही वजह है कि फैन एडिट्स देखकर उनकी आंखें भर आती हैं। अनीत ने मॉडलिंग से अपना करियर शुरू किया।



# धनुष-कृति की फिल्म से हटाया अश्लील शब्द

**मुंबई।** धनुष और कृति सेनन की फिल्म 'तेरे इश्क में' इस शुक्रवार को थिएटर में दस्तक देगी। रिलीज से पहले सेंसर बोर्ड में गई इस फिल्म को सीबीएफसी की तरफ से सर्टिफिकेट मिल चुका है। आनंद एल राय की मूवी का रनिंग टाइम कितना है और इसमें कौन से सींस और डायलॉग्स में बदलाव किए गए हैं। सेंसर बोर्ड का रवैया पास्ट में बड़ी-बड़ी फिल्मों के प्रति सख्त रहा है और कई-कई सीन से बड़े-बड़े डायलॉग्स तक हटाए गए हैं, लेकिन 'तेरे इश्क में' के साथ ऐसा नहीं हुआ है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म को सिर्फ एक कट के साथ सेंसर बोर्ड ने पास कर दिया है और इसी के साथ मूवी से एक 'अश्लील' सीन को हटाया गया है। इस रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया है कि सेंसर बोर्ड ने फिल्म में से एक भी एक्शन या इंटीमेट सीन और विजुअल्स नहीं हटवाया है।

## टीवी मसाला



# शादी टालने के बाद स्मृति ने कैंसिल किया केबीसी 17 में जाना

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना ने 'केबीसी 17' में पार्टिसिपेट नहीं कर रही हैं। वह भारतीय महिला क्रिकेट टीम के साथ अमिताभ बच्चन के शो में वर्ल्ड कप स्पेशल एपिसोड में हिस्सा लेने वाली थीं। लेकिन, म्युजिशियन पलाश मुच्छल के साथ शादी टल जाने के वजह से उन्होंने 'केबीसी 17' में अपने साथी क्रिकेटर्स के साथ हिस्सा नहीं लिया। 'केबीसी 17' के उस एपिसोड में हरमनप्रीत कौर, ऋचा घोष और शैफाली वर्मा समेत कई भारतीय महिला क्रिकेटर्स शामिल होंगी और क्विज गेम खेलेंगी। 'केबीसी 17' के इस एपिसोड में स्मृति मंधाना को शामिल नहीं है। जब यह खबर सामने आई तो कई लोग हैरान रह गए, क्योंकि स्मृति काफी पॉपुलर हैं और टीम की सफलता में उनकी अहम भूमिका रही है। जब यह खबर आई कि स्मृति मंधाना केबीसी में नजर नहीं आएंगी, तो उनके फैंस के बीच मिली-जुली प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। स्मृति दुनिया की सबसे लोकप्रिय क्रिकेट खिलाड़ियों में से एक हैं, ऐसे में उनके फैंस उन्हें केबीसी में देखने की उम्मीद कर रहे थे और इस खबर से निराश भी हुए. हालांकि, स्मृति को काफी सपोर्ट भी मिला और कई लोगों ने उनके पिता के जल्द स्वस्थ होने और स्मृति की मानसिक सेहत के लिए शुभकामनाएं दीं। बता दें, स्मृति मंधाना की शादी 23 नवंबर 2025 को सिंगर पलाश मुच्छल से होने वाली थी, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा. स्मृति को इस समय अपने पिता श्रीनिवास मंधाना की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के चलते उनकी मदद करनी पड़ रही है।

## टिकट टू फिनाले टास्क में जीता गौरव

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 में टिकट टू फिनाले टास्क दिया गया था, जिसमें 4 सदस्य शामिल हुए थे। इसमें अशनूर कौर, प्रणीत मोरे, गौरव खन्ना और फरहाना भट्ट थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक इन चारों में से गौरव



खन्ना ने सीधे फिनाले में जगह बना ली है। यानी कि शो को अपना पहला फाइनलिस्ट मिल गया है। चारो कंटेस्टेंट के लिए तीन राउंड हुए थे, सभी राउंड 20 मिनट के थे। इसमें पहले राउंड में फरहाना भट्ट बाहर हुईं। इसके बाद दूसरे राउंड में प्रणीत मोरे। फिर गौरव और अशनूर में टक्कर थी। इसके बाद तीसरे और आखिरी राउंड में अशनूर बाहर हो गईं और गौरव खन्ना ने टास्क जीत लिया। इसी के साथ बिग बॉस 19 को अपना पहला फाइनलिस्ट मिल गया। बिग बॉस 19 में इस वक्त केवल आठ प्रतियोगी बचे हैं, जिसमें गौरव खन्ना अब फाइनल में पहुंच चुके हैं। अब फरहाना भट्ट, अमाल मलिक, तान्या मित्तल, प्रणीत मोरे, अशनूर कौर, शहबाज बदेशा और मालती चाहर के बीच टक्कर है। यह देखना दिलचस्प होगा कि अगला फाइनलिस्ट कौन होता है।

# किस किसको प्यार करूं 2 का ट्रेलर रिलीज

## चार पत्नियों के चक्कर में उलझे कपिल

**मुंबई।** कॉमेडियन कपिल शर्मा की अपकमिंग फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' की रिलीज का दर्शकों को काफी इंतजार है। इससे पहले इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है। यह फिल्म साल 2015 में रिलीज हुई फिल्म 'किस किसको प्यार करूं' का सीक्वल है। 'किस किसको प्यार करूं 2' के ट्रेलर में दिखाया गया है कि कपिल शर्मा गलतफहमी के चलते तीन शादियां कर लेते हैं। इसके बाद वह तीनों पत्नियों की डिमांड पूरी करते-करते परेशान हो जाते हैं। तीनों पत्नियों के घर वाले कपिल शर्मा को अपना दामाद समझते हैं और उन पर अपना हक जमाते हैं। इसके बाद एक पुलिस वाला कपिल शर्मा से मिलता है। पुलिस वाला कपिल से कहता है कि वह उस इंसान की तलाश में हैं, जिसने तीन शादियां की हैं और अब चौथी करना चाहता है। कपिल शर्मा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' का




ट्रेलर शेयर किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा है 'चार पत्नियां। इसे घर पर करने की कोशिश न करें। यह स्टंट हमारे एक्सपर्ट ने किया है। किस किसको प्यार करूं 2 सिनेमाघरों में 12 दिसंबर को रिलीज हो रही है। 'किस किसको प्यार करूं 2' का ट्रेलर दर्शकों को अच्छा लगा है। ट्रेलर में असरानी की झलक दिखी है। उन्होंने इस पर कमेंट किए हैं। एक यूजर ने लिखा है 'असरानी सर।' एक और यूजर ने लिखा है 'असरानी को देखकर अच्छा लगा।' एक और यूजर ने लिखा है 'ट्रेलर बहुत अच्छा है। फिल्म का इंतजार है।'

# ऑस्कर 2026 की रेस में देश की सबसे ज्यादा कमाई वाली एनिमेटेड फिल्म

**मुंबई।** 2025 में रिलीज हुई एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा ऑस्कर 2026 की लिस्ट में शामिल हो चुकी है। 98वें एकेडमी अवॉड्र्स की एलिजिबिलिटी लिस्ट में इस फिल्म का नाम आया है। मतलब ये फिल्म साल 2026 ऑस्कर अवॉर्ड के लिए शॉर्टलिस्ट हुई है। इस लिस्ट में दुनियाभर की 34 और फिल्में शामिल हैं। महावतार नरसिम्हा जुलाई के महीने में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के नाम एक खास रिकॉर्ड है। ये फिल्म अबतक भारत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एनिमेटड फिल्म है। महावतार नरसिम्हा के अलावा द बैड गायज 2, ब्लैक बटरफ्लाइज, बॉयज गो टू जुपिटर, डॉग मैन, डॉग ऑफ गॉड, के पॉप डीमन हंटर्स, जूटोपिया 2, स्लाइड, द ट्विट्स और स्टिच हेड जैसी एनिमेडेट फिल्में 98वें एकेडमी अवॉड्र्स की एलिजिबिलिटी लिस्ट में शामिल हैं। बेस्ट एनिमेटेड फीचर फिल्म कैटेगरी में शामिल होने के लिए फिल्मों को कुछ शर्तें पूरी करनी होती हैं। इन शर्तों के मुताबिक, फिल्म कम-से-कम 40 मिनट लंबी होनी चाहिए। फिल्म का 75 पर्सेंट हिस्सा एनिमेटेड होना चाहिए। फिल्म को अमेरिका के कुछ चुनिंदा बड़े शहरों में कम से कम 7 दिन लगातार थिएटर में दिखाया जाना चाहिए।



### लिस्ट में शामिल ये फिल्में

अगर इस लिस्ट में 16 से अधिक फिल्में शामिल होती हैं तो उनमें से पांच फिल्मों को फाइनल नॉमिनी के रूप में सेलेक्ट किया जाता है। उन पांच में से किसी एक को ऑस्कर मिलता है। 2026 के लिए करीब 35 फिल्में शॉर्टलिस्ट हुई हैं। अब अगर महावतार नरसिम्हा का नाम फाइनल लिस्ट में आता है तो वो बेस्ट एनिमेटेड फीचर कैटेगरी में चुनी जाने वाली पहली भारतीय फिल्म बनेगी।

## रोमांस, देशभक्ति, हॉरर-कॉमेडी, साइंस-फिक्शन एक ही मौके पर दर्शकों को मिलेगा

# बॉक्स ऑफिस पर आपस में भिड़ेंगी ये फिल्में, एक में धर्मेंद्र आएंगे नजर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस साल क्रिसमस के मौके पर बॉक्स ऑफिस पर कुछ बड़ी फिल्मों की टक्कर देखने को मिलने वाली है। कई फिल्में सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही हैं। रोमांस, देशभक्ति, हॉरर-कॉमेडी, साइंस-फिक्शन और फैंटसी एक्शन- सब कुछ एक ही मौके पर दर्शकों को मिलने वाला है।

### तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी

कार्तिक आर्यन अपने 35वें जन्मदिन पर फैंस को बड़ा तोहफा दे चुके हैं। उनकी और धर्मा प्रोडक्शन की नई रोमांटिक फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' का टीज़र लॉन्च होते ही चर्चा में आ गया। पूरी तरह इमोशनल रोमांस और मॉडर्न रिलेशनशिप की जटिलताओं को दर्शाती यह फिल्म 25 दिसंबर को रिलीज हो रही है। क्रिसमस पर परिवारों और युवाओं के लिए यह फिल्म एक हल्की-फुल्की और दिल छू लेने वाली पेशकश हो सकती है।



### एनाकोंडा

हॉलीवुड भी इस तारीख को खाली छोड़ने के मूड में नहीं है। 'एनाकोंडा 2025' एक मेटाफिक्शनल हॉरर-कॉमेडी के रूप में आ रही है, जिसमें दो दोस्त अपनी फेवरिट 1997 की फिल्म का रीमेक बनाने अमेज़न जंगल तक पहुंच जाते हैं- लेकिन वहां उनका सामना एक अप्रत्याशित डरावनी यात्रा से होता है। जैक ब्लैक और पॉल रड की मौजूदगी ही इस फिल्म को क्रिसमस पर हंसी और डर का कॉम्बो बना देती है।

### वृषभ

दक्षिण भारतीय सिनेमा की तरफ से मोहनलाल की भव्य फैंटसी-एक्शन फिल्म 'वृषभ' भी 25 दिसंबर को रिलीज हो रही है। नंदा किशोर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रोशन मेका, शनाया कपूर और जहरा एस. खान भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। शानदार वीएफएक्स और पौराणिक टच इस फिल्म को पैन-इंडिया दर्शकों के लिए खास बनाते हैं।



### अवतार

जेम्स कैमरून की सुपरहिट अवतार श्रृंखला की तीसरी कड़ी 19 दिसंबर को सिनेमाघरों में आएगी और यह आसानी से क्रिसमस वीक तक बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा बनाए रखेगी। इस बार कहानी पेंडोरा के एक नए और आक्रामक नावी कबीले ऐश लोग पर फोकस करेगी। जेक और नेतिरी का संघर्ष और भी खतरनाक और भावनात्मक होने वाला है। इस फिल्म की लोकप्रियता का असर बाकी सभी रिलीज़ पर पड़ेगा।

### इक्कीस

कार्तिक की फिल्म को सबसे कड़ा मुकाबला देने उतर रही है श्रीराम राघवन की 'इक्कीस', जिसमें अगस्त्य नंदा, धर्मेंद्र, जयदीप अहलावत और कई मजबूत कलाकार नजर आने वाले हैं। यह फिल्म परमवीर चक्र विजेता लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की बहादुरी पर आधारित है- 1971 के युद्ध में साहस और बलिदान की दास्तान। मैडॉक फिल्म्स और दिनेश विजान की प्रस्तुति वाली यह फिल्म उन दर्शकों को आकर्षित करेगी जो असली हीरो की कहानियों से जुड़ाव महसूस करते हैं। क्रिसमस पर रोमांस बनाम देशभक्ति- यही मुकाबला देखने लायक होगा।

## खबर संक्षेप

### सरसींवा में चेम्बर ऑफ कॉमर्स इकाई विस्तार

**सरसींवा।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के विस्तार के लिए सारंगढ़ के पदाधिकारी सरसींवा पहुचे। जिसमे महेंद्र कुमार केजरीवाल प्रदेश उपाध्यक्ष, नत्थूलाल केडिया सरंक्षक, घनश्याम बंसल जिला उपाध्यक्ष जिसमे व्यवसायी मनीष अग्रवाल को साथ लेकर सरसींवा में नए सदस्य जोड़े गए। चेम्बर ऑफ कॉमर्स में जुड़ने के लिए सरसींवा नगर के व्यापारियों में भी उत्सुकता दिखाई दिया। महज कुछ घण्टो में काफी संख्या में व्यापारी इस संस्था से जुड़े जिसका सारंगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने आभार जताया। इस संस्था में जुड़ने के फायदे भी बताए और ज्यादा से ज्यादा व्यापारियों को इस संस्था से जुड़ने की बात कही। प्रदेश मंत्री दीपक अग्रवाल ने सारंगढ के पदाधिकारियों की प्रशंसा की और सारंगढ बिलाईगढ़ के हर व्यापारी को इस संस्था से जुड़ने कहा।

### सड़क किनारे लोगों को रौंदती चली गई गाड़ी

**राउरकेला।** जलदा फांडी अंतर्गत जलदा सी ब्लॉक चौराहे के पास हुए भीषण सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सड़क पर चल रहे लोगों को कुचलते हुए दो बाइकों और एक कार को भी जोरदार टक्कर मार दी। मृत महिला की पहचान जलदा सी ब्लॉक निवासी सुनीता मुंडारी 52 के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल हुए चार लोगों में से तीन को जेपी अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, ओडी 02 जेड 1155 नंबर की स्कॉर्पियो, जो लाठीकाटा से जलदा की ओर आ रही थी, अचानक अनियंत्रित हो गई और एक होंडा शाइन बाइक, एक बुलेट, एक क्षतिग्रस्त मारुति वैगनआर और बस का इंतजार कर रहे यात्रियों को टक्कर मार दी। घटनास्थल पर ही सुनीता मुंडारी की मौत हो गई। अन्य चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जलदा फांडी पुलिस ने घायलों को तुरंत बचाकर सरकारी अस्पताल भेजा। हादसे के बाद कुछ समय के लिए घटनास्थल पर तनाव की स्थिति बन गई, लेकिन पुलिस के हस्तक्षेप के बाद स्थिति शांत हो गई।

### प्रशासन से सहयोग की उम्मीद में बिहा बायल

**सुंदरगढ़।** 21 दिसंबर से शुरू होने वाले परंपरा, संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत के भव्य उत्सव बिहा बायल उत्सव को शानदार तरीके से आयोजित करने के लिए आयोजन समिति के सदस्य पूरी तैयारी में जुट गए हैं। समिति के सदस्यों ने संस्कृति, खेल एवं युवा सेवा मंत्री सूर्यवंशी सूरज से मुलाकात कर उनके सहयोग की मांग की। आज उन्होंने जिलाधीश डॉ. शुभंकर महापात्र से मिलकर उत्सव आयोजन के उद्देश्य और रूपरेखा के बारे में जानकारी देते हुए सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया। उत्सव आयोजन से जुड़ी विभिन्न आवश्यकताओं, पारंपरिक कार्यक्रमों, सुरक्षा व्यवस्था और वित्तीय सहयोग के संबंध में जिलाधीश को अवगत कराते हुए एक अनुरोध पत्र भी सौंपा गया है। जिलाधीश ने कहा कि स्थानीय परंपरा, संस्कृति और विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए आयोजित इस उत्सव को सफल बनाने में प्रशासन की ओर से आवश्यक सहयोग दिया जाएगा। इस दौरान पौराध्यक्षा तनया मिश्रा, आयोजन समिति अध्यक्ष डॉ. चितब्रत दत्त, सचिव सचिन विश्वकर्मा, मृत्युञ्जय चौधरी, विमल बोस, राजू ठाकुर, अनिता शर्मा, गुणनिधि महांती और ललित मोहन दास सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## निधन...

### बंशी यादव

**पुसौर।** जात्रा संचालक बंशी यादव



का निधन हो गया है। उनका निधन नगर पंचायत पुसौर के वार्ड क्रमांक 9 में हुआ। बंशी यादव की उम्र लगभग 75 वर्ष थी। वे रथ यात्रा के समय जातरा पार्टी का संचालन करते थे, जो उन्हें उनके पिता कुमार यादव से विरासत में मिला था।

---

### 1 दिसंबर से व्यवस्था में बदलाव, अन्य विभागों में भी जरूरी

# बायोमेट्रिक में दर्ज होगी उपस्थिति कलेक्टोरेट भी अब होगा हाईटेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




जिला कार्यालय संयुक्त भवन रायगढ़ कलेक्टोरेट में पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए 1 दिसंबर, सोमवार से उपस्थिति दर्ज करने की नई बायोमेट्रिक व्यवस्था लागू होने जा रही है। अब सभी अधिकारी-कर्मचारी कार्यालय परिसर के प्रवेश द्वार पर स्थापित बायोमेट्रिक डिवाइस के माध्यम से अंगूठे व चेहरे की पहचान से उपस्थिति दर्ज करेंगे।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने न केवल संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में बल्कि इसके बाहर संचालित होने वाले अन्य शासकीय विभागों में भी बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि उपस्थिति प्रणाली को पारदर्शी, व्यवस्थित और समय पालनयुक्त बनाने के लिए बायोमेट्रिक व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है, इसलिए सभी विभाग अपने कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज कराने में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतें। कलेक्टर ने संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन में संचालित 15 विभागों के प्रमुखों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने कार्यालयों में पदस्थ अधिकारी से लेकर चतुर्थ श्रेणी तक के सभी कर्मचारियों की संपूर्ण जानकारी 28 नवम्बर शुक्रवार शाम तक उपलब्ध कराएँ, ताकि बायोमेट्रिक प्रणाली में सभी का डेटा सटीक रूप से दर्ज किया जा सके। प्रत्येक कर्मचारी को कार्यालय में प्रवेश करते समय और कार्यालयीन अवधि समाप्त होने पर लौटते समय बायोमेट्रिक मशीन में उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य होगा। बायोमेट्रिक हाजिरी प्रातः 10 बजे से सायं 5.30 बजे तक दर्ज की जाएगी। इस अवधि में आगमन एवं प्रस्थान दोनों समय उपस्थिति दर्ज न करने की स्थिति में अनुपस्थिति मानी जाएगी। इस नई व्यवस्था से न सिर्फ उपस्थिति सुव्यवस्थित होगी बल्कि समयबद्धता जिम्मेदारी और कार्य संस्कृति में भी उल्लेखनीय सुधार आएगी। बायोमेट्रिक डिवाइस की स्थापना, डेटा प्रविष्टि तथा संपूर्ण प्रणाली की नियमित मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो को सौंपी गई है। कलेक्टर ने सभी विभागों को बायोमेट्रिक डिवाइस में कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए आवश्यक डेटाबेस जानकारी निर्धारित प्रारूप में वित्त शाखा में जमा कराएँ तथा गूगल शीट में आवश्यक विवरण 28 नवम्बर शुक्रवार तक अनिवार्य रूप से अपलोड करने के सख्त निर्देश दिए है।

### पीडी कॉलेज में विधिक साक्षरता शिविर

**रायगढ़।** प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ न्यायाधीश सचिव श्रीमती अंकिता मुदलियार के नेतृत्व में संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर पालूराम धनानिया कॉलेज मे विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पालूराम धनानिया कॉलेज में उपस्थित छात्र छात्राओं को प्रथम चरण में प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार जैन अपने उद्बोधन में बताया कि संविधान की प्रस्तावना पूरे संविधान का सार है। भारतीय नागरिक संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता जैसे नए कानून के बारे में बताया गया। आगे संविधान के उद्देशिका पर महत्वपूर्ण रूप से प्रकाश डालते हुए बताया गया कि उद्देशिका में संप्रभुत्ता समाजवाद धर्मनिरपेक्षताएं लोकतंत्र और गणतंत्र शामिल हैं तथा संविधान का मुख्य उद्देश्य न्याय स्वतंत्रताएं समानता और बंधुत्व की प्राप्ति करना है। दूसरे चरण में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफटीएससी पॉक्सो देवेन्द्र साहू ने बताया कि भारत का संविधान भारत का सर्वोच्च विधान है जो संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर 1949 को पारित हुआ।

## शहर से लेकर वनांचल तक बिजली व्यवस्था में सुधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

विद्युत वितरण विभाग बिलाईगढ़ में पदस्थ सहायक अभियंता एई राणा अपने कार्यकाल में उल्लेखनीय एवं सराहनीय कार्यों के लिए क्षेत्र में विशेष पहचान बना चुके हैं।

शहर से लेकर दूरस्थ वनांचल तक बिजली आपूर्ति को बेहतर करने के लिए उन्होंने जो प्रयास किए हैं उसका सीधा लाभ हजारों उपभोक्ताओं को मिला है। एई राणा द्वारा शासन की सभी प्रमुख विद्युत योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू किया गया। कई ग्रामीण इलाके जो वर्षों से बिजली के लिए तरस रहे थे, वहाँ लाइन विस्तार कर पहली बार नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई। शहर में विद्युत व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नए सब स्टेशनों का निर्माण किया गया तथा दोनों स्टेशनों में अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर लगाए गए, जिससे लोड प्रबंधन में भारी सुधार आया। बिलाईगढ़ फीडर की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सब स्टेशन से मेन रोड तक नई सप्लाई लाइन तैयार की गई। पवनी क्षेत्र के नागरिकों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए राणा द्वारा विशेष फीडर निर्माण कराया गया जिससे बिजली सप्लाई अधिक स्थिर और निर्बाध हुई।

### क्रशर खदानों से 8 लाख के केबल की चोरी

**अकलतरा।** बीती रात ग्राम तरौद एवं किरारी में स्थित छह क्रशर खदानों से चोरों के द्वारा इलेक्ट्रिक कॉपर केबल की चोरी कर ली गई। चोरी की गई केबल की अनुमानित कीमत 8 से 10 लाख बताई जा रही है। क्रेशर व्यवसाईयों ने बताया कि सुधीर झांझरिया, विजय अग्रवाल, विक्की अग्रवाल, मुकेश जैन, मुकेश सिंघानिया, इंद्रजीत किरारी के 6 क्रशर प्लांट से एक ही रात में सुनियोजित ढंग से किए गए छः क्रशर खदानों में इलेक्ट्रिक कॉपर केबल को काटकर चोरी कर ली गई है। एक साथ 6 क्रशर में चोरी से क्रशर व्यवसाईयों में हड़कंप मच गया। आज समस्त क्रशर व्यवसाईयों के द्वारा पुलिस थाने में जाकर चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई है। थाना प्रभारी भास्कर शर्मा के द्वारा साइबर सेल एवं अन्य माध्यमों से चोरों को जल्द से जल्द पकड़ने की बात कही गई है।

## भंडारा, सम्मान और सेवा के साथ बांटी खुशियां




**खरसिया।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री और खरसिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक उमेश नंदकुमार पटेल का जन्मदिन बड़े ही उत्साह, धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विधायक की अनुपस्थिति के बावजूद, कांग्रेस परिवार ने दिनभर विभिन्न सामाजिक और संगठनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन कर इस दिवस को सही मायनों में सेवा दिवस के रूप में समर्पित किया। दिनभर पूरे क्षेत्र में एकजुटता, उत्साह और जनभावना का माहौल देखने को मिला। उनके समर्थकों, कार्यकर्ताओं और आम जनता ने विधायक के प्रति अपनी श्रद्धा और स्नेह प्रकट किया, साथ ही उनके कार्यों को याद करते हुए सकारात्मक संदेश और प्रेरणा साझा की।

विधायक उमेश पटेल के जन्मदिन को लेकर कार्यकर्ताओं और समर्थकों में बीते कई दिनों से ही उत्साह चरम पर था। खरसिया और रायगढ़ शहर के मुख्य मार्गों पर उनके समर्थकों द्वारा जगह जगह बैनर और पोस्टर लगाए गए, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बन गया। इसके साथ ही, डिजिटल माध्यमों पर भी बधाई देने वालों का अभूतपूर्व सिलसिला चला। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पूरे दिन बधाईयों का तांता लबा रहा।जिसमें कार्यकर्ताओं ने न केवल विधायक की दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की, बल्कि उनके प्रति सम्मान और स्नेह भी प्रकट किया। खरसिया रेस्ट हाउस के सामने स्थित शहीद स्मारक पर कांग्रेस परिवार ने सामूहिक रूप से एक और केक काटा और विधायक उमेश पटेल के दीर्घायु व उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। जन्मदिन के इस अवसर पर एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने स्वादिष्ट भोजन ग्रहण किया। किरोड़ीमल नगर में स्वच्छता दीदियों का सम्माननगर कांग्रेस कमेटी किरोड़ीमल नगर द्वारा विधायक का जन्मदिन सेवा एवं सौहार्द के दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शासकीय प्राथमिक कन्या व बालक शाला में हुई, जहाँ कार्यकर्ताओं ने बच्चों के साथ केक काटकर खुशियाँ साझा कीं। इसके बाद, नगर कांग्रेस के पदाधिकारियों और पार्षदगणों की उपस्थिति में नगर पंचायत की स्वच्छता दीदियों को कंबल वितरित कर सम्मानित किया गया।

### श्रम कोड के खिलाफ मजदूरों का विरोध

**राउरकेला।** केंद्र सरकार के श्रमिक विरोधी श्रम कोड के खिलाफ बुधवार को राउरकेला में मिलित मंच के आह्वान पर व्यापक जनविरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। काला वस्त्र धारण कर प्रतीकात्मक विरोध स्वरूप श्रम कोड गज़ेट को जलाकर नए कोड को रद्द करने की मांग की गई। राउरकेला श्रमिक संघ के महासचिव प्रशांत कुमार बेहरा, मजदूर सभा अध्यक्ष शशधर नायक, गांगपुर मजदूर मंच के महासचिव गोपाल दासए सीएआईटीयू के प्रदोष महांती और रमेश सेठी ने केंद्र सरकार की नई नीतियों को अत्यंत चिंताजनक बताते हुए श्रमिक अधिकारों की रक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होने बताया कि 1930-1950 के संघर्षों के बाद लागू श्रम कानून अब कमजोर किए जा रहे हैं। 21 नवंबर 2025 को पुराना कानून रद्द कर नए चार श्रम कोड लागू किए गए हैं, जिससे 12 घंटे कार्य, रात्री ड्यूटी और कम श्रमिक वाले उद्योगों में मालिक की मनमानी बढ़ गई है।

## संविधान दिवस पर ली गई संविधान की शपथ



**घरघोड़ा।** बुधवार को शहाबुद्दीन कुरैशी विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति घरघोड़ा एवं अभिषेक शर्मा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता और दामोदर प्रसाद चंद्रा न्यायधीश सुश्री प्रति झा न्यायाधीश, अधिवक्ता संघ के उपस्थिति में 76 वीं संविधान दिवस के अवसर पर जिला एवं अपर सत्र न्यायालय घरघोड़ा, के द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

अधिवक्ता कक्ष में कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। संघ के वरिष्ठ अधिवक्ता शंखदेव मिश्रा और अधिवक्ता गंगाधर लहरें ने संविधान के मजबूती पर प्रकाश डाले। इस दौरान न्यायिक अधिकारी एन्यायालय कर्मियों, बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं को संविधान की प्रस्तावना को पढ़ाया गया एवं संविधान दिवस के महत्व पर व्यापक विमर्श किया गया। आयोजित कार्यक्रम में विशेष न्यायधीश अध्यक्ष शहाबुद्दीन कुरैशी ने सभी को संविधान दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे बडा लिखित संविधान है और इसकी प्रस्तावना हम भारत के लोग में देश के नागरिकों की आत्मा बसती है। देश में संविधान की पवित्रता और कानून का शासन बनाए रखने के लिए बार की भूमिका बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि और हाशिए पर पड़े लोगों के लिए कानूनी सहायता देने में भी बार की अहम भूमिका है। संविधान अधिवक्ताओं के लिए गीता और कुरान की तरह पवित्र है संविधान के द्वारा ही नागरिकों को अनेक अवसर और मौलिक अधिकार प्राप्त है। न्यायाधीश अभिषेक शर्मा जी ने कहा कि जब हम इस अहम पल का जश्न मना रहे हैं, जब भारत ने अपने आप को अपना बुनियादी अनुबंध दिया था, मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि देश में कानून का शासन और संविधान की पवित्रता बनाए रखने में बार की भूमिका बेहद जरूरी है। न्यायाधीश शर्मा ने कहा कि मुझे यह कहने में कोई झिझक नहीं है कि अगर अदालतों को संविधान का पहरेदार माना जाता है, तो बार के सदस्य हमारे रास्ते को रोशन करने वाले पथप्रदर्शक हैं। वे हमें अपने गंभीर कर्तव्यों को पूरा करने और हमारे कर्तव्यों को पक्के यकीन के साथ निभाने में मदद करते हैं। इसमें उन लोगों को कानूनी मदद देना शामिल है। जो कमजोर हैं या समाज के हाशिये पर जी रहे हैं। आगामी नेशनल लोक अदालत 13 दिसम्बर के बारे में भी चर्चा की गई।

**डीजी ऑफ माइंस सेफ्टी डीजीएमएस लेक्ट्रीकल्स के वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद**

## तमनार में श्रम संहिता के प्रावधानों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**तमनार।** जिंदल पावर लिमिटेड तमनार स्थित गारे पालमा 4 गुणा 1, 2 एवं 3 खदानों में नई चार श्रम संहिता के प्रावधानों पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में डायरेक्टरेट जनरल ऑफ माइंस सेफ्टी डीजीएमएस इलेक्ट्रीकल्सए नागपुर क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों आनंद अग्रवाल, निदेशक खनन सुरक्षा, महिपाल सिंह राठौर, उप निदेशक खनन सुरक्षा एवं रायगढ़ क्षेत्र से श्री निवास चिराए उप निदेशक खनन सुरक्षा उपस्थित थे।

डायरेक्टरेट जनरल ऑफ माइंस सेफ्टी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में नई चार श्रम संहिताओं के प्रावधानों पर खनन क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों, श्रमिकों के साथ विस्तृत परिचर्चा कर माइंस सुरक्षा सुनिश्चित के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य श्रमिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, समानता तथा जोखिमपूर्ण कार्य परिस्थितियों में सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के दौरान डीजीएमएस के अधिकारियों ने कर्मचारियों और श्रमिकों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करते हुए कार्यस्थल सुरक्षा एवं कल्याण के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत परिचर्चा कर जानकारी प्रदान की गई तथा कार्यस्थल पर कार्यरत कर्मचारियों को जागरूक करने के साथ उनकी जिज्ञासाओं का समुचित समाधान किया गया। श्रमिकों ने इस अवसर पर सक्रिय भागीदारी करते हुए नई श्रम संहिताओं के नीतिगत प्रावधानों को अपने कार्यस्थलों पर प्रभावी रूप से लागू करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। यह पहल श्रमिक सुरक्षा, स्वास्थ्य संवर्धन एवं सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

गौरतलब हो कि जिंदल पावर लिमिटेड की तमनार स्थित गारे पालमा 4 गुणा 1, 2 एवं 3 खदान ही कर्मचारी सुरक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है। कर्मचारी एवं श्रमिकों की सुरक्षा को साधने और उच्च स्तरीय बनाने के लिए नियमित रूप से सुरक्षा आधारित कार्यशालाओं का आयोजन करती रही है, और संस्था के इन्हीं प्रतिबद्धताओं के लिए 05 स्टार रेटिंग से सम्मानित किया गया है।

## राज्य स्तरीय चित्रकला स्पर्धा में तीसरे स्थान पर रहे शिवम




**सरिया।** केंद्रीय विद्युत मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में ऊर्जा संरक्षण पर राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसमें राज्य के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान ऊर्जा संरक्षण के नन्हे कलाकारों की कला एवं कल्पना लोगों के प्रेरणा का स्त्रोत बना। पावर ग्रिड परिसर में राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य भर के 1 लाख से ज्यादा नन्हे सितारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।इस प्रतियोगिता में सारंगढ़ बिलाईगढ़ एवं रायगढ़ जिले से भी स्कूल के बच्चों नें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और समाज में ऊर्जा संरक्षण के संदर्भ में अपनी कला एवं कल्पना को प्रस्तुत किया। जिसमें सरिया निवासी सुनील कुमार मेहर के सुपुत्र शिवम कुमार मेहर कक्षा सातवीं नवोदय विद्यालय भूपदेवपुर ने ऊर्जा संरक्षण विषय पर अपनी उत्कृष्ट चित्रकला प्रदर्शन के माध्यम से तृतीय स्थान प्राप्त किया। सरिया के नन्हे सितारा शिवम कुमार मेहर ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण को लेकर हमें चित्रकला बनाने के लिए ऑनलाइन आवेदन एवं चित्र आमंत्रित किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ से एक लाख से भी ज्यादा स्कूली छात्र-छात्राएं इसमें शामिल हुए। सभी छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक चित्र बनाकर ऊर्जा संरक्षण पर जागरूकता का संदेश दिया। जिसमें दो ग्रुप बनाए गए थे। ग्रुप ए एवं ग्रुप बी बनाया गया था। जिसमें क्रमशः प्रथमए द्वितीय तृतीय के बाद सात प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार के साथ सम्मान किया जाता है। इस तरह दोनों ग्रुप से 10-10 प्रतिभागी विद्यार्थियों का चयन ज्युरी कमेटी के द्वारा किया जाता है। सरिया निवासी सुनील मेहर के सुपुत्र शिवम कुमार मेहर 12 वर्ष ने ए ग्रुप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने अपनी प्रतिभा के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण पर बेहतरीन चित्र बनाकर यह स्थान प्राप्त किया।

### कलेक्टर ने ली जीवनदीप समिति की बैठक

## एनेस्थेसिया वर्क स्टेशन मशीन और उपकरणों की जरुरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




कलेक्टर एवं जीवनदीप समिति के अध्यक्ष मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जीवनदीप समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय व्यय विवरण की विस्तृत समीक्षा की गई और विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर गहन चर्चा हुई।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिला अस्पताल एवं उससे संबद्ध अस्पतालों की मौजूदा सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जनसामान्य को समय पर और पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक द्वारा एजेंडा अनुसार चर्चा के दौरान बताया गया कि मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए ऑपरेशन थिएटर में शल्यक्रिया के लिए एनेस्थेसिया वर्क स्टेशन मशीन, सीबीसी जांच मशीन तथा अन्य अत्यावश्यक चिकित्सा उपकरणों की खरीद एवं व्यवस्थापन की आवश्यकता है। इस संबंध में विस्तृत प्रस्ताव कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर ने सभी एजेंडा बिंदुओं पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने एजेंडा के अतिरिक्त अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की और अस्पताल प्रबंधन से स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार लाने के लिए सुझाव एवं दिशा निर्देश दिए।

### तेज़ रफ्तार बस ने खड़ी गाड़ियों को रौंदा

**राउरकेला।** रघुनाथ पाली थाना क्षेत्र के सिविल टाउन के होटल सोलेश निकट गुरूवार सुबह एक भयावह सड़क हादसा हुआ, जब तेज़ रफ्तार देवगढ़ से राउरकेला आ रही भाग्य लक्ष्मी यात्री बस सड़क किनारे खड़ी कई गाड़ियों पर चढ़ गई। हादसे में एक पजेरो कार, एक पिकअप वैन और तीन स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। सौभाग्य से किसी की जान नहीं गई, लेकिन चार लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं। हादसे के तुरंत बाद बस चालक बस छोड़कर फरार हो गया। यह घटना होटल सोलेस के पास हुई। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण के दौरान सीवरेज बोर्ड द्वारा बनाए गए मैनहोल की खराब स्थिति के कारण इस तरह की दुर्घटनाएँ लगातार हो रही हैं। उनका कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई।

